**अव्यवस्था** जागृति कमेटी ने भरी हूंकार, बिगड़ती यातायात व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए सौंपा ज्ञापन

# बेपटरी हुई नगर की यातायात व्यवस्था, आम नागरिकों में रोष व्याप्त

**नवभारत,नरसिंहपुर,गोटेगांव।** विगत दिवस नगर में लगातार बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और बिगड़ती यातायात व्यवस्था को लेकर अब जनआक्रोश खुलकर सामने आने लगा है। हाल ही में हुई दर्दनाक दुर्घटनाओं ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है, जिसके चलते जागृति कमेटी गोटेगांव ने हुंकार भरी साथ ही विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं आमनागरिकों ने एकजुट होकर पुलिस प्रशासन को 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। जागृति कमेटी के प्रतिनिधियों ने अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मनीष त्रिपाठी एवं थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि नगर में यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। सड़कों पर अतिक्रमण, अव्यवस्थित पार्किंग, नाबालिगों द्वारा वाहन संचालन एवं तेज रफ्तार जैसे कारण लगातार दुर्घटनाओं को जन्म दे रहे हैं साथ ही नगर में बनी अनाज एवं फल गोदामों सहित अन्य गोदाम संचालक बीच सड़क पर गाड़ियां खड़ी कर अपना माल खाली कराते हैं, जिससे आने जाने वाले राहगीरों को बड़ी मुसीबत का सामना करने के साथ-साथ निर्दोष आमनागरिक अपनी जान गंवा रहे हैं।



### वर्तमान में वाहन चेकिंग केवल हेलमेट तक सीमित रह गई

लंबा जाम लग जाने के कारण विभिन्न प्रकार की समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। मानो की नगर की यातायात व्यवस्था चरमराई और बिगड़ने के साथ-साथ वे पटरी हो चुकी है ज्ञापन में समिति ने स्पष्ट रूप से कहा कि वर्तमान में वाहन चेकिंग केवल हेलमेट तक सीमित रह गई है, जबकि नाबालिग वाहन चालकों, शराब पीकर वाहन चलाने वालों एवं ओवरलोडिंग जैसे गंभीर मामलों पर कठोर कार्यवाही की आवश्यकता है। समिति ने मांग की कि मुख्य मार्गों पर बीच सड़क वाहन खड़ा करने वालों पर सख्त चालानी कार्यवाही की जाए, वहीं फल एवं सब्जी विक्रेताओं को व्यवस्थित रूप से पुराना गल्ला मंडी प्रांगण में स्थानांतरित किया जाए। साथ ही, नगर के व्यापारिक प्रतिष्ठानों के बाहर लगे छायादार शेड की सीमा तय कर अतिक्रमण को नियंत्रित करने की भी मांग रखी गई। ज्ञापन में यह भी प्रमुखता से उल्लेख किया गया कि नगर से गुजरने वाले बाहरी वाहनों को बायपास मार्ग से संचालित किया जाए तथा विद्यालयीन समय में भारी वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए, जिससे बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। जागृति कमेटी ने यह भी सुझाव दिया कि वाहन चेकिंग की कार्यवाही थाना परिसर के सामने करने के बजाय नगर के प्रवेश बिंदुओं पर की जाए, जिससे उसका प्रभाव अधिक व्यापक और व्यवहारिक हो सके। समिति ने यह स्वीकार किया कि सड़क दुर्घटनाओं की इस गंभीर स्थिति में सामाजिक जिम्मेदारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।

### संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही

यदि पुलिस प्रशासन दृढ़ता और संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही करता है, तो सभी नागरिक पूर्ण सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर जागृति कमेटी के नारायण पटेल, मुकेश चौकसे, सतीश अग्रवाल, जगदीश श्रीवास, अशोक पटेल, गुड्डा विलवार, लक्ष्मी नारायण तिवारी, छुट्टू विलवार राजेश चौकसे, भानु जैन, शरद पटेल, नवीन चौरसिया, राजेश सेन, मुकुल राजपूत, दीपक नेमा, दीपक ठाकुर, कैलाश रजक सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे। नगरवासियों को अब पुलिस प्रशासन से ठोस और त्वरित कार्यवाही की उम्मीद है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। साथ ही कमेटी ने प्रशासन को चेताते हुए यह भी कहा कि जल्द ही समस्या का समाधान न होने पर हम सभी मिलकर प्रशासन के खिलाफ धरना दिए जाने के साथ-साथ उग्र आंदोलन भी करेंगे जिसकी जिम्मेदारी संपूर्ण प्रशासन की होगी।

# प्राकृतिक आपदा से निपटने सजग है विद्युत विभाग अधिकारी-कर्मचारी



**नवभारत,गोटेगांव।** मद्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड नरसिंहपुर बीते दिनों आए चक्रवर्ती तूफान से विद्युत व्यस्था अस्त व्यस्त होने से जिले में सप्लाई व्यवस्था ठप हो गई थी लेकिन तत्काल व्रत के अधीक्षण अभियंता नीलाभ श्रीवास्वत और कार्यपालन अभियंता विवेक जशेले ने संज्ञान लेते हुए तत्परता से पूरे क्षेत्र अंतर्गत टीम का गठन कर मात्र 24 घंटे में पूरे जिले की विद्युत व्यवस्था बहाल करवाई इस चले चक्रबाती तूफान से लगभग पूरे जिले में 680 पोल टूटने एवं लाइन ट्रांसफॉर्मर क्षतिग्रस्त हुए लेकिन कार्यपालन अभियंता विवेक जशेले ने सभी सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता को तत्काल निर्देश दिए कि अपने अपने क्षेत्र अंतर्गत विद्युत का सुचारू संचालन जल्द से जल्द कर जनता को राहत पहुंचाए आदेशानुसार विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए सभी वितरण केन्द्र की सप्लाई चालू करवाई व्रत के अधीक्षण अभियंता नीलाभ श्रीवास्वत ने बताया कि इस प्रकार के प्राकृतिक आपदा से भविष्य में बचाव हेतु टीम का गठन किया जाएगा जो अटल ज्योति 24 घंटे कृषि सिंचाई हेतु 10 घंटे तत्पर रहकर सप्लाई व्यस्था निर्बाध और सुचारू रूप से बनी रह सके।

# गाडरवारा सड़क मार्ग पर मुरम की जगह डाली जा रही पीली मिट्टी

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** इन दिनों तेंदूखेड़ा गाडरवारा सड़क मार्ग पर मनमानियों का दौर जारी है। जो आने वाले समय में लोगों को दुख का कारण बनेगा। मुख्य सड़क मार्ग पर साइड सोल्डरों में जहां मुरम डाली जानी चाहिए थी वहीं पीली मिट्टी डाली जा रही है जो आने वाले बरसात के दिनों में बाहन चालकों को परेशानी का कारण बनेगी ।मोदी पेट्रोल पंप के आगे से सत्संग भवन तक पीली मिट्टी फैलाई जा रही है। सड़क



मार्ग काफी सकरा है और भारी वाहनों की आवाजाही दिन रात बनी रहती है। वाहनों की क्रासिंग के समय छोटे बाहन चालक फिसलकर गिरने की आशंका बनीं हुई है ।समय रहते तत्काल प्रभाव से रोक नहीं लगाई गई तो आने वाले समय में भीषण सड़क दुघर्टनायें बढ़ेगी। इसी सड़क मार्ग पर ठेकेदार की मनमानी के चलते विद्युत खंबे मनमाने तरीके से गाढ़े जा रहे हैं। जो भविष्य में दुख का कारण बनेगा।



# करेली विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में जाकर गौशालाओं का किया औचक निरीक्षण

**नवभारत,नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह ने शुक्रवार को करेली विकासखंड के ग्राम पंचायत नयाखेड़ा के ग्राम दिल्हेरी व गोरबगांव में जाकर गौशालाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां चारागाह विकसित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के ग्राम दिल्हेरी में स्थित राधारामण गौशाला का निरीक्षण किया। यहां उन्हें अवगत कराया गया कि वर्तमान में 106 गौवंश संरक्षित हैं। इसका संचालन वंदना स्वसहायता समूह द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने गौशालाओं से लगी शासकीय भूमि में चारागाह विकसित करने के निर्देश दिए, ताकि गौवंश को पर्याप्त हरा चारा उपलब्ध हो सके।

# कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों का निरीक्षण किया

**नवभारत,नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह ने शनिवार को जिले के विकासखंड करेली के विभिन्न ग्राम पंचायतों में जाकर जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जल संरक्षण के तहत कंटूर ट्रेंच निर्माण एवं शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने ग्राम पंचायत गिधवानी में लगभग 8 एकड़ शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश दिए।

यहां एक हजार कंटूर ट्रेंच निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने पौधरोपण कराने के निर्देशित किया। इसी तरह कलेक्टर ने निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत नयाखेड़ा में चिन्हांकित भूमि में जल संरक्षण के उद्देश्य से एक हजार कंटूर ट्रेंच निर्माण किया जाए। ग्राम गोबरगांव में लगभग 14 एकड़ शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने एवं गांव के प्राचीन तालाबों की सफाई व संरक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत आमगांवबड़ा में वॉटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं का निरीक्षण किया। यहां लगभग 7 एकड़ शासकीय भूमि को समय सीमा में अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करें। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत उदय सिंह सहित संबंधित ग्राम पंचायतों का अमला उपस्थित रहा। इसके अलावा कलेक्टर रजनी सिंह ने ग्राम तिंसरा में पीएमजीएसवाय द्वारा नवनिर्मित पुल का निरीक्षण किया। उन्होंने नदी में पड़ी निर्माण सामग्री और अन्य कचरे को हटाकर साफ-सफाई करने के निर्देश दिए, ताकि नदी का प्रवाह अविरल बना रहे।



# चाट में मिली मरी हुई मक्खी सफाई व्यवस्था पर गंभीर सवाल

**नवभारत,गाडरवारा।** गाडरवारा से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसने खाद्य सुरक्षा और साफ-सफाई व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय मनमौजी चाट भंडार से एक व्यक्ति द्वारा दो प्लेट चाट पार्सल कराई गई। लेकिन जब चाट खाने के लिए खोली गई, तो उसमें मरी हुई मक्खी पाई गई, जिससे उपभोक्ता में आक्रोश फैल गया। जहां एक ओर प्रति प्लेट 40 रुपए वसूले जा रहे हैं, वहीं गुणवत्ता और स्वच्छता के मामले में गंभीर लापरवाही सामने आई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस प्रकार की घटनाओं के बावजूद संबंधित खाद्य विभाग द्वारा कोई सख्त कार्रवाई नहीं की जा रही, जिससे ऐसे दुकानदारों के




हौसले बढ़ रहे हैं। यह घटना सीधे तौर पर खाद्य सुरक्षा मानकों और जनस्वास्थ्य के लिए खतरा साबित हो सकती है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### एक नजर में



## बाबू फूलसिंह एवं स्थाई कर्मचारी धन्नो बाई सेवानिवृत्त

**नवभारत,गोटेगांव।** लोक निर्माण विभाग उपसंभाग रेस्ट हाउस गोटेगांव में समय पाल बाबू के पद पर फूलसिंह चौधरी एवं झोतेश्वर रेस्ट हाउस में स्थाई कर्मचारी धन्नोबाई कहार ने अपनी 62 वर्ष की शासकीय सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए हैं। आप दोनों के सेवानिवृत्त के अवसर पर रेस्ट हाउस गोटेगांव परिसर में विदाई कार्यक्रम का आयोजन रखा गया, जिसमें लोक निर्माण विभाग अधिकारी कर्मचारियों एवं परिवारजनों ने उन्हें सम्मानित किया। वहीं उपस्थितजनों ने फूलसिंह चौधरी एवं धन्नो बाई कहार को फूल-माला पहनाकर और गुलदस्ता भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। इस दौरान उन्हें उत्साहपूर्वक नम आंखों से धूमधाम ढोल नगाड़े के साथ विदाई दी गई साथ ही उनकी सेवाओं और उनके कर्तव्यनिष्ठ व्यवहार की सराहना की गई। विभाग अधिकारी कर्मचारी एवं परिजनों ने श्री चौधरी एवं कहार के कुशल मार्गदर्शन और विभाग के प्रति उनके महत्वपूर्ण योगदान को याद किया। विदाई के समय उपस्थित सहयोगियों ने उन्हें अग्रिम जीवन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर एसडीओ के.सी. कोरी डी.के खर्चे सब इंजीनियर जी.पी अहिरवार अशोक गोलू साहू कमल ठाकुर विजय मेहरा नारायण पटेल तूफान सिंह गुलठाई रजक रोशनी ठाकुर कंछेदी लक्खु सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी परिवारजन उपस्थित थे !

## बिजली कटौती को लेकर फूटा लोगों का गुस्सा

**जबलपुर, नवभारत।** शहर इन दिनों भीषण गर्मी के साथ-साथ गंभीर बिजली संकट से जूझ रहा है। पिछले एक सप्ताह से शहर के आधे हिस्से में लगातार हो रही अघोषित विद्युत कटौती ने आमजन का जीना मुश्किल कर दिया है। घंटों तक बिजली गुल रहने से जहां लोग गर्मी से बेहाल हैं, वहीं पानी की किल्लत और रोजमर्रा के कामकाज भी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। लगातार हो रही परेशानी के कारण लोगों में गुस्सा धीरे-धीरे उबल रहा था, जो शनिवार देर रात सड़कों पर फूट पड़ा। शनिवार देर रात बड़ी संख्या में नाराज उपभोक्ता उखरी स्थित पावर हाउस पहुंच गए। यहां लोगों ने बिजली व्यवस्था को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। गुस्साए लोगों ने अधिकारियों और कर्मचारियों से जवाब मांगते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। स्थिति उस समय और बिगड़ गई जब प्रदर्शनकारियों और बिजली विभाग के कर्मचारियों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शनिवार को मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लोगों का आरोप है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा था, जिससे उनका धैर्य जवाब दे गया। वहीं कर्मचारियों का कहना है कि तकनीकी खामियों और लोड बढ़ने के कारण समस्या उत्पन्न हो रही है। लेकिन इस बहस ने हिंसक रूप ले लिया, जिससे हालात और तनावपूर्ण हो गए। स्थानीय लोगों की मांग है कि बिजली कटौती पर तुरंत रोक लगाई जाए और नियमित सप्लाई सुनिश्चित की जाए। लोगों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन और उग्र हो सकता है।

## अत्याचार व व्यभिचार को खत्म करने श्रीकृष्ण ने धरती पर लिया था अवतार

**नवभारत,गोटेगांव।** नगर के अलका मैरिज हॉल में चल रही श्रीमद भागवत महापुराण की दिव्य कथा में छठवें दिवस पर व्यासपीठ पर विराजमान कान्हा महाराज ने कहा कि जीव से परमात्मा का मिलन ही रास है कहा कि भगवान श्रीकृष्ण अत्याचार व व्यभिचार को खत्म करने के लिए धरती पर अवतार लिए थे। भगवान श्रीकृष्ण की लीला देख स्वयं चार मुख वाले ब्रम्हा भी नहीं समझ पाए तो मानव क्या समझेगा। ग्वालों के साथ लीला व उनका जूठा खाने वाले श्रीकृष्ण को देख ब्रम्हा स्वयं परीक्षा लेने वृंदावन पहुंच गये। ब्रम्हा को जब अपनी गलती का अहसास हुआ तो उन्होंने एक मुख से दस तथा कुल 40 श्लोकों से उनकी स्तुति की। आचार्य ने देवताओं की परिक्रमा को लेकर कहा कि दुर्गा जी की परिक्रमा एक बार, सूर्य का दो बार, गणेश का तीन, श्रीहरि का चार व भगवान शिव की सिर्फ आधी बार ही परिक्रमा करनी चाहिए।



# चौरसिया समाज के 16 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे, पत्रिका का हुआ विमोचन

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस चौरसिया समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन सागर में संपन्न हुआ। जिसमें 741 युवक युवती परिचय के उपरांत 16 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे प्रत्येक जोड़े को राष्ट्रीय संरक्षक इं रमेश चौरसिया द्वारा 21 हजार रुपए तथा सागर विधायक शैलेंद्र जैन की तरफ से 11 हजार रुपए नगद राशि प्रदान की गई ।एवं समाज की सागर संगम पत्रिका का विमोचन समाज के पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। चौर्ऋषि महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण पूजन अर्चन के साथ संपन्न हुये दो दिवसीय इस कार्यक्रम की अध्यक्षता गौरव चौरसिया द्वारा की गई तथा सामाजिक गतिविधियों में सजग रहने वाले कार्यकारी अध्यक्ष जीवेश चौरसिया को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं को लेकर सम्मानित किया गया ।इस वृहद सम्मेलन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम और वृन्दावन धाम से पहुंचे कलाकारों के नृत्य जनाकर्षण के केंद्र बनें रहे।

# अधिकारियों ने किया उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण

**नवभारत,नरसिंहपुर।** जिले में समर्थन मूल्य पर चल रही खरीदी प्रक्रिया को सुचारू बनाए रखने के लिए राज्य एवं संभाग स्तर से आए अधिकारियों द्वारा गेहूं, चना एवं मसूर उपार्जन केंद्रों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। जिला उपार्जन समिति के सदस्यों ने भी विभिन्न केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम, तहसीलदार, उप संचालक कृषि, जिला आपूर्ति अधिकारी, डीएम वेयरहाउस, जेएसओ एवं कॉर्पोरेशन इंस्पेक्टर द्वारा केंद्रों पर व्यवस्थाओं की सतत निगरानी की जा रही है, जिससे खरीदी कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए। जिला आपूर्ति अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि जिले में अब तक 10 हजार से अधिक किसानों से लगभग 4 लाख 60 हजार क्विंटल गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। साथ ही लगभग 30 हजार किसानों द्वारा स्लॉट बुकिंग कराई गई है, जिससे खरीदी प्रक्रिया व्यवस्थित रूप से संचालित हो रही है। असामयिक बारिश को ध्यान में रखते हुए उपार्जन केंद्रों पर तिरपाल, पन्नी सहित बारिश से बचाव के सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। इसके साथ ही किसानों के लिए छाया, ठंडे पेयजल एवं बैठने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। खरीदी की गति बढ़ाने के लिए केंद्रों पर तौल-कांटों एवं हम्मालों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। वर्तमान में प्रतिदिन लगभग 50 से 60 हजार क्विंटल गेहूं की खरीदी की जा रही है। वहीं सर्वर से संबंधित समस्याओं का भी अधिकांश समाधान कर लिया गया है, जिससे प्रक्रिया में तेजी आई है। जिला प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे स्लॉट बुकिंग के अनुसार निर्धारित तिथि पर ही उपार्जन केंद्रों में गेहूं लेकर आएं, ताकि खरीदी कार्य सुगमता एवं पारदर्शिता के साथ पूर्ण किया जा सके।



# शराब ठेकेदार के साथ की बेरहमी से मारपीट, वीडियो वायरल

## ठेमी थाना क्षेत्र के करकबेल में लाइसेंसी शराब ठेकेदार के अपहरण और मारपीट का मामला सामने आया

**नवभारत,गोटेगांव।** नरसिंहपुर जिले में कानून व्यवस्था पर सवाल खडे करते हुए ठेमी थाना क्षेत्र के करकबेल में लाइसेंसी शराब ठेकेदार के अपहरण और मारपीट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि बदमाश दिनदहाड़े ठेकेदार को उठकर ले गए और बुरी तरह पीटने के बाद थाने के सामने ही छोड़कर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार ठेकेदार प्रदीप कौरव ने आरोप लगाया कि अवैध शराब कारोबार से जुड़े दीपक लोधी द्वारा उसे पिछले दो महीनों से धमकाया जा रहा था।

गुरुवार को आरोपी अपने साथियों के साथ शराब दुकान के कार्यालय में घुसा और ठेकेदार का अपहरण कर लिया। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने ठेकेदार को नहर किनारे ले जाकर 20 से 25 लोगों के साथ मिलकर बेरहमी से पीटा। इसके बाद घायल अवस्था में उसे बोलेरो वाहन में डालकर थाने के सामने छोड़ दिया। घटना को अपराधियों द्वारा पुलिस को खुली चुनौती के रूप में देखा जा रहा है। पीडित का आरोप है कि इतनी गंभीर घटना के बावजूद पुलिस ने अब तक सख्त धाराओं में मामला दर्ज नहीं किया है जिससे कार्रवाई पर सवाल उठ रहे हैं। इस पूरे मामले को प्रदीप कौरव ने इसे पूर्व नियोजित साजिश बताते हुए दीपक लोधी को मुख्य आरोपी बताया है, जो कथित अवैध शराब कारोबार से जुड़ा है। कारोबारी ने ऑफिस से नकदी गायब होने और घटना सीसीटीवी में कैद होने का भी आरोप लगाया है। घटना में ठेमी पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### पुलिस ने जांच शुरू की

घायल को लेकर ठेमी पुलिस जिला अस्पताल आई जहां इलाज कराने के साथ ही मेडीकल कराया गया। मामले में ठेमी थाना प्रभारी दिलीप सिसोदिया ने बताया कि ग्राम बौछार के कुछ लोगों के नाम सामने आए हैं। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।वहीं घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है। अब देखना होगा कि पुलिस इस मामले में कितनी जल्द कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार करती है ।इस मामले के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है अपराधियों ने खुलेआम कानून व्यवस्था को चुनौती दी है।




# एक कदम मानव सेवा की ओर युवाओं के सहयोग से 81वां नि :शुल्क मेडिकल कैंप सफल

**नवभारत,गाडरवारा।** मानव सेवा की मिसाल पेश करते हुए गाडरवारा एवं आसपास के युवाओं द्वारा संचालित निशुल्क मेडिकल कैंप का 81वां आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। खास बात यह है कि यह पहल किसी भी हल्रह या बाहरी फंडिंग के बिना, पूरी तरह स्थानीय 45ङ्क50 युवाओं के दान और सहयोग से संचालित हो रही है। इस बार आयोजित कैंप में 5 बड़े शहरों और दूरदराज के 16 गांवों से आए मरीजों ने लाभ लिया। कुल 83 मरीजों का निशुल्क उपचार विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा किया गया। यह कैंप प्रत्येक माह के पहले रविवार को ग्राम कान्हरगांव स्थित साई धाम मंदिर में आयोजित किया जाता है। आयोजन को पूरी तरह पॉलीथिन मुक्त रखा गया, जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश भी देता है। पिछले 81 महीनों से लगातार चल रही इस सेवा में योगदान देने वाले सभी दानदाताओं और निस्वार्थ भाव से सेवा दे रहे डॉक्टरों की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।